न्यायालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमन्द

श्री राजकुमार खींचड़ पिता श्री रणवीर सिंह निवासी ग्राम पंचायत गोकलपुरा जिला सीकर **— अपीलार्थी**

बनाम

लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देवगढ़ **— प्रत्यर्थी**

किस्म मुकदमा — अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 13/2025**

क्रमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 17.03.2025 पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देवगढ़ से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम ऑनलाईन अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देवगढ़ से वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देवगढ़ से जरिये पत्र क्रमांक—सूकाअ/244113123763881/2025/22 दिनांक 07.03.2025 से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत प्रार्थी श्री राजकुमार खींचड़ पुत्र श्री रणवीर सिंह निवासी ग्राम पंचायत गोकलपुरा जिला सीकर के ऑनलाईन आवेदन पर कार्यालय हाजा के पत्र क्रमांक सूकाअ/244113123763881/2025/18 दिनांक 24.02.2025 द्वारा प्रार्थी को सूचना उपलब्ध करवा दी गई है। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देवगढ़ कि रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देवगढ़ की रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गयी वांछित सूचनाएं अपीलार्थी को कार्यालय हाजा के पत्र क्रमांक सूकाअ/244113123763881/2025/18 दिनांक 24.02.2025 से वांछित सूचनाएं प्रार्थी को उपलब्ध करवा दी जाने से उक्त अपील को खारिज किया जाता है। निर्णय की प्रति अपीलार्थी, लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार देवगढ़ को भिजवायी जावे। **पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।** लोक सूचना अपीलीय अधिकारी (जिला कलक्टर) राजसमंद	